## शहर में आज



☞ हाईवे किनारे स्थित किसान यूनियन के कार्यालय पर पंचायत दोपहर 12 :30 बजे।

☞ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर दोपहर 1 :30 बजे।

## एक नजर

### प्रधानाचार्य मेल आईडी पर दें अपने सुझाव : जिविनि

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, अशासकीय गैर सहायता प्राप्त वित्तविहीन विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए आदेश आया है। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2022 के क्रम में भारत सरकार द्वारा जारी एनसीएफ–2023 के अनुसार हाईस्कूल परीक्षा (कक्षा–9, 10) की पाठ्यचर्या परिषद विनियम के अध्याय–13 (हाईस्कूल परीक्षा) में संशोधन किया जाना है। इसका विवरण परिषद की वेबसाइट पर अपलोड है। इस बारे में प्रधानाचार्य अपने सुझाव ई– मेल आईडी पर उपलब्ध कराएं।

# शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिलने पर चढ़ा व्यापारियों का पारा

## अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर बताया कि बाजारों में अंधेरा होने के कारण वापस लौट जाते हैं ग्राहक, होता है नुकसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शेड्यूल के मुताबिक बिजली नहीं मिलने पर व्यापारियों का पारा चढ़ गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में व्यापारी पनवाड़िया स्थित बिजली घर पहुंचे। उन्होंने अधीक्षण अभियंता बीके आर्य से मुलाकात की उन्हें अपनी समस्याओं के बारे में बताया।

पनवड़िया स्थित बिजलीघर पर शनिवार की दोपहर जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि भीषण गर्मी है। इसकी वजह से ग्राहक शाम को खरीदारी करने के लिए निकलता है। उस समय बाजारों की बिजली न काटी जाए। बाजारों में अंधेरा होने से ग्राहक वापस चला जाता है। इससे व्यापारी वर्ग को नुकसान हो रहा है। जहां कम क्षमता के ट्रांसफार्मर लगे हैं, वहां उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाएं। ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने की वजह से आए दिन ट्रांसफार्मर ट्रिप हो जाता है। घंटों बाद आपूर्ति सुचारु होती है। बिजलीघरों में अधिकारी फोन नहीं उठाते। लोगों के बिल सही नहीं हो रहे हैं।

उन्हें जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। अधीक्षण अभियंता ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।



अधीक्षण अभियंता से मुलाकात करते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

### यह लोग रहे मौजूद

जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, जिला महामंत्री शाहिद शम्सी, मोहम्मद हारिस शम्सी, प्रदीप खंडेलवाल, शाहकैब अहमद, इमरान सलीम बिलाल शम्सी, रामगुप्ता, अनिल अरोड़ा, तौसीफ खान, मोहसिन खान, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, सुदेश यादव, नजमी खान आदि।

# बिजली को लेकर किसानों ने किया बेमियादी धरने का एलान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाकियू (टिकैत) से जुड़े किसानों ने शनिवार को बिजली की समस्या को लेकर सैदनगर ब्लॉक स्थित बंजरिया बिजली घर पर जमकर नारेबाजी की। गुस्साए किसानों ने बिजली घर पर बेमियादी धरने का एलान कर दिया। उन्होंने अधिशासी अभियंता और जेई को भी धरने पर अपने साथ बैठा लिया। एहतियात के तौर पर पुलिस तैनात रही। अधिकारियों के आश्वासन पर किसानों ने धरना खत्म कर दिया।

सैदनगर क्षेत्र के किसान काफी समय से बंजरिया बिजली घर के ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के मांग कर रहे हैं। अधिकारियों द्वारा इसे गंभीरता से न लेने पर किसानों का सब्र जवाब दे गया। शनिवार को राष्ट्रीय सचिव नौ सिंह और प्रदेश महासचिव हसीब अहमद के नेतृत्व में किसान बिजली घर पहुंचे। विद्युत निगम के खिलाफ नारेबाजी कर बेमियादी धरने पर बैठ गए। इसकी जानकारी मिलने पर एहतियात के तौर बिजली घर के आसपास पुलिस तैनात कर दी गई। कुछ देर बाद अधिशासी अभियंता प्रमोद गोगानिया और जेई सुधीर कुमार भी पहुंच गए। उन्हें देख किसानों का पारा और चढ़ गया। उन्होंने अधिशासी अभियंता और जेई को भी अपने साथ बैठा लिया।

प्रदेश महासचिव का कहना था कि बिजली घर पर कम क्षमता का ट्रांसफार्मर होने से किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। नलकूप भी अधिकतर समय बंद रहते हैं। सिंचाई न होने से फसलें सूख रही हैं। काफी देर बाद एक्सईएन ने समस्या का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया। प्रदेश महासचिव ने चेतावनी दी कि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो एक जुलाई से किसान बेमियादी धरने पर बैठ जाएंगे।



किसानों को संबोधित करते राष्ट्रीय सचिव नौ सिंह। ● अमृत विचार

### धरना देने वालों में यह रहे शामिल

चौधरी राजपाल सिंह, साबिर अली, जुबेद आलम, जसवंत सिंह, जब्बार, नल सिंह, राम औतार, मोहम्मद जावेद, रमेश कुमार, रामकुंवर, अय्यूब अली, सुबहान अली, सरताज अली, इस्बे, मुस्तकीम, मेहंदी हसन, अनीस, सलीम, लाला, मोहम्मद सादिक, मैराज अली, अनस, सचिन चौधरी, सुरेंद्र सिंह, सुदेश सिंह, पिंकू चौधरी भी मौजूद थे।

# कागजों में अभियान, सड़कों पर भटक रहे गोवंश

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र में गोवंश को गोशाला में संरक्षण देने के दावे हवाई साबित हो रहे हैं। गोशालाएं संचालित हो रही हैं और कुछ निर्माणाधीन भी हैं। फिर भी आश्रय न मिलने से सड़कों पर भटकते गोवंश राहगीरों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। गोवंश के सड़कों पर घूमने से आए दिन हादसे हो रहे हैं।

शिकायतों के बावजूद अधिकारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्हें सड़कों पर भटकते छुट्टा गोवंश दिखाई तो देते हैं, लेकिन वह उनका संरक्षण करने की बजाय नजरअंदाज करते हुए निकल जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर हाल में छुट्टा गोवंश को गोशाला में भेजने के निर्देश दिए हैं। लेकिन शाहबाद में मुख्यमंत्री के आदेश का भी असर नहीं हो रहा है। छुट्टा गोवंश झुंड बनाकर सड़कों पर घूम रहे हैं। गोवंश आश्रय स्थल योजना कागजों में सिमटकर रह गई है। आज भी शहर से लेकर देहात तक छुट्टा गोवंश सड़कों पर डेरा डाले हुए हैं। सरकार ने करोड़ों रुपये पानी की तहर बहा दिए। इसके बावजूद गोवंश को आश्रय नसीब नहीं हो रहा है।



शाहबाद–रामपुर मार्ग पर विचरण करते गोवंश। ● अमृत विचार



छुट्टा गोवंश शहरों और गांवों की गलियों में घूम रहे हैं। किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन गोवंश के रखरखाव के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है।
**– आकाश यादव**



अधिकारियों पर सरकारी आदेश बेअसर है। उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता कि आए दिन हादसों में गोवंश घायल हो रहे हैं। भीषण गर्मी के बाद भी गोवंश की सुध नहीं ली जा रही है।
**– अभिषेक सिंह**



प्रशासन से कई बार शिकायत की जा चुकी है कि छुट्टा गोवंश को गोशाला भिजवाया जाए। लेकिन वह अनसुनी कर देते हैं। संरक्षण न मिलने के कारण आए दिन गोवंश के साथ हादसे हो रहे हैं।
**– दान सिंह गामा**



अक्सर सड़क पर घुमते हुए गोवंश चोटिल हो जाते हैं। सूचना पर हम उनका उपचार कराते हैं। प्रशासन को चाहिए कि वह गोवंश का संरक्षण कर उन्हें आश्रय स्थल में पहुंचाए।
**– धर्मपाल सिंह लोधी**

## बरेली जंक्शन पर पार्किंग के बहाने अवैध वसूली

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर शनिवार को एक यात्री से पार्किंग के बहाने अवैध वसूली की गई। यात्री ने स्टेशन अधीक्षक और एक्स पर पोस्ट कर अधिकारियों से शिकायत की। इसके बाद यात्री के पैसे वापस कराए गए। इससे पहले भी यात्रियों से पार्किंग के बहाने अवैध वसूली के मामले सामने आ चुके हैं।

अंकित गोयल ने एक्स पर शिकायत करते हुए बताया कि स्टेशन पर कैब से कोई यात्री नो पार्किंग जोन में भी उतरता है तो वहां उससे 30 रुपये वसूल लिए जाते हैं। वह स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह से जाकर मिले तब जाकर पार्किंग संचालक ने पैसे वापस किए। उन्होंने काटी गई पार्किंग की पर्ची भी सोशल मीडिया पर शेयर की। इस मामले में स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि वाणिज्य निरीक्षक की ओर से मामले की जांच की जा रही है। यात्री के पैसे वापस करा दिए गए हैं।

# ग्रामीणों को शेड्यूल के अनुसार दें बिजली

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र में हो रही विद्युत कटौती के विरोध में किसानों ने अशोकनगर बिजली घर पर प्रदर्शन किया। उन्होंने शेड्यूल के अनुसार बिजली देने की मांग उठाई।

शनिवार को किसान अशोकनगर बिजली घर पहुंचे। उन्होंने विद्युत निगम पर अंधाधुंध कटौती करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। किसानों का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति का शेड्यूल है। मगर विभाग द्वारा अंधाधुंध कटौती की जा रही है। अशोकनगर बिजली घर से जुड़े फीडर जाफराबाद, सिहोरा, चड्ढा पेपर मिल, धनोरा फार्म, गुजरैला, पिपलिया, नयागांव आदि पांच दिन से 8-10 घंटे ही आपूर्ति दी जा रही है। बिजली आने-जाने का भी समय निर्धारित नहीं है। इसकी वजह से फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र में शेड्यूल के मुताबिक आपूर्ति देने की मांग की है। चेतावनी भी दी कि यदि आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो वह आंदोलन करेंगे।

इस मौके पर चरनजीत सिंह, बलजिंदर सिंह, मंगल सिंह, निर्मल सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरविंदर सिंह, नरेंद्र सिंह बरार, पविंदर सिंह लाडी, गुरचरन सिंह, जगजीत सिंह, परमजीत सिंह, नरेंद्र सिंह बरार, गुरचरन सिंह, जगजीत सिंह, परमजीत सिंह आदि मौजूद रहे।



बिजलीघर पर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

- अंधाधुंध कटौती के विरोध में किसानों ने किया प्रदर्शन
- बिजली नहीं मिलने से सूख रही हैं खेतों में खड़ी फसलें



पैरामेडिकल स्टॉफ को शपथ दिलातीं सीएमएस डा. विनीता चतुर्वेदी। ● अमृत विचार

# पैरामेडिकल स्टॉफ को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महिला चिकित्सालय में सीएमएस डा. विनीता चतुर्वेदी ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत पैरामेडिकल स्टॉफ ने शपथ दिलाई। इस मौके पर सीएमएस ने नशीली दवाओं से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं का सेवन करने से शरीर की हालत खराब हो जाती है। इसलिए जितना हो सके नशे से दूर रहे।

शनिवार को महिला चिकित्सालय में तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डा. शहजाद हसन ने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ को तंबाकू उत्पादों से दूर रहने की शपथ दिलाई। कहा कि युवाओं को विशेष तौर पर नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर सभी चिकित्सक, फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वॉय, स्टॉफ नर्स आदि शामिल रहे।

## तीन दिवसीय उर्स-ए-निजामिया की शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली-रामपुर रोड स्थित मुर्तजा हुसैन निजामी नियाजी दरगाह पर तीन दिवसीय उर्स-ए-निजामिया का आगाज शनिवार को हो गया। फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी हुई। दिन भर मजार पर चादरपोशी और गुलपोशी का सिलसिला चलता रहा। हाजिरी देने वालों का तांता लगा रहा।

खानकाह-ए-निजामिया के सज्जादनशीन पाशा मियां निजामी ने बताया कि इस साल भी मुर्तजा हुसैन निजामी नियाजी और गौस अली शाह जलाली कोड़ा शाह बाबा के सालाना उर्स की शुरुआत हो चुकी है। उर्स के पोस्टर जगह-जगह भेज दिए गए हैं। इंतजामिया कमेटी का भी गठन किया गया है। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी के अनुसार रविवार शाम 6 बजे हजरत मुर्तजा हुसैन मोती मियां निजामी नियाजी के कुल की फातिहा होगी।

# झमाझम बरसा मानसून तो शहर में फिर चल सकती है नाव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बरसात करीब है। ऐसे में शहरवासियों को एक बार फिर दुश्वारियों को झेलना पड़ सकता है। क्योंकि शहर के अधिकतर नाले कूड़े-कचरे से अटे पड़े हैं। नालों की सफाई कराने के लिए पालिका प्रशासन द्वारा लंबे-चौड़े दावे किए जा रहे हैं। बरसात होने पर इन दावों की पोल खुल जाएगी। पालिका प्रशासन का दावा है कि अब तक शहर के 95 प्रतिशत नालों की सफाई हो चुकी है। लेकिन हकीकत इससे जुदा है। यदि मानसून झमाझम बरसा तो शहर में एक बार फिर लोग सामान लेने नाव से जाएंगे।

नगर पालिका के 43 वार्डों में 52 नाले हैं। इनमें कुछ नालों की अभी तक सफाई नहीं हुई है। इनमें कूड़ा-कचरा भरा है। इससे उठ रही दुर्गंध से सांस लेना मुहाल है। हाथीखाना से बाएं तरफ जाने वाले रास्ते पर बना नाला चोक है। इसे देखने से लगता है कि कई वर्ष से इसकी सफाई नहीं हुई है। इसके अलावा गांधी समाधि, चीनी मिल रोड पर बने नाले की हालत भी खस्ताहाल है। 2023 में बरसात होने से शहर में चारों और जलभराव हो गया था। स्थिति यह हो गई थी कि लोगों ने पानी में नाव चलाकर घरेलू कार्यों को पूरा किया था। कई दिन तक लोगों के घरों में पानी भरा रहा था। पानी की निकासी कराने के लिए पंपिंग सेट का सहारा लेना पड़ा था। तब लोगों को राहत मिली थी। बरसात का मौसम आने वाला है। ऐसे में अभी तक शहर के नालों की तलीझाड़ सफाई नहीं कराई गई है।



गांधी समाधि के पीछे बने नाले में भरा कूड़ा–कचरा। ● अमृत विचार



2023 में हुई बारिश के बाद शहर में चली थी नाव। ● फाइल फोटो

### थाने के सामने का नाला भी चोक

सिविल लाइंस थाने के सामने का नाला कई माह से चोक है। इसका गंदा और दूषित पानी सड़क पर आ रहा है। इससे लोगों को आने–जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पालिका के अधिकारियों ने नाले की सफाई और पानी की निकासी के लिए उत्तराखंड से एचडीडी मशीन मंगवाने बात कही थी। लेकिन अभी तक मशीन नहीं आ सकी है। पालिका के अधिकारियों की अनदेखी के चलते लोगों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है।

### यह हैं इंतजाम

| | |
|---|---|
| जेसीबी | 4 |
| पॉकलेन मशीन | 2 |
| ट्राली | 8 |
| ठेका सफाई कर्मी | 200 |
| खर्च | 60 लाख रुपये |

सभी नालों की सफाई कराई जा रही है। ताकि लोगों को बरसात में परेशानी न हो। हाथीखाना, चीनी मिल और गांधी समाधि रोड के नाले की तलीझाड़ सफाई कराई जा चुकी है।
**–दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका**

### यहां हैं बड़े नाले

अजीतपुर रेलवे की पुलिया, चीनी मिल, शाहबाद गेट, शिवि टाकिज, बाबा दीप सिंह नगर, गांधी समाधि, अल्लाह हू दादा का मजार, बेगम वाली बगिया, जेल रोड, डूंगरपुर, धोबी घाट, बिलासपुर गेट, हाथीखाना, थाना गंज, स्टार चौराहा, पंखेवालान, मोहल्ला झंडा, डीएम आवास, सपा कार्यालय, पीडब्ल्यूडी कार्यालय, झील, सैयदों वाली मस्जिद, मायादेवी धर्मशाला, श्री राम चौक, अजीतपुर, घूंघट मैरिज हॉल, थाना टीन, मीठा कुआं, मठवाला कब्रिस्तान, हादी स्कूल, फर्राशखाना, राजद्वारा, नवाबगेट, जामुन वाली मस्जिद, जोगीराम की बगिया, घेर कलंदर खां, तकिया मुबारक शाह, जनरल अजीमुद्दीन पार्क, मिस्टन गंज, राधा मोड़, नैनीताल हाईवे, शीशम वाली मस्जिद, मस्जिद जहरुद्दीन, पीला तालाब, चाह खजान खां, घेर सरबदाल, बगीचा एमना, चौकी हजियानी, अलीगढ़ स्कूल, स्वार रोड, चौकी चौक, थाना गंज क्षेत्र में बड़े और मझले नाले हैं।

**परेशानी** निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति करने में नगर पालिका हो रही नाकाम

# 15 दिन से पेयजल संकट से जूझ रहे 5000 लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अधिकारी शहरवासियों को निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति दिलाने के दावे कर रहे हैं। लेकिन उनके दावों की पोल वार्ड नंबर 13 के पांच हजार बाशिंदों ने खोल दी है। यहां के लोगों का कहना है कि 15 दिन से पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। पानी नहीं आने के बारे में कई बार अधिकारियों को बताया गया है। फूलों वाली बगिया और नगर पालिका परिषद में लगे ओवरहेड टैंक से पेयजल आपूर्ति क्यों नहीं की जा रही है। इस बारे में मोहल्ले के लोगों ने जानकारी की। लेकिन इसके बाद भी समस्या को नजर-अंदाज किया जा रहा है।

वार्ड नंबर के 13 के लोगों का कहना है कि तालाब केला वाला, अखाड़ा सोहराब, चौकी कुंडा और दादा पीर की जियारत वाले क्षेत्र में पानी की आपूर्ति15 दिन से ठप है। इन सभी क्षेत्रों को नगर पालिका, फूलों वाली बगिया से आपूर्ति की जा रही है। फूलों वाली बगिया की पाइपलाइन नगर पालिका परिषद कार्यालय की ओर जा रही है। नगर पालिका से दोनों पाइपलाइन को जोड़ दिया गया है। इसी के सहारे मोहल्लेवासियों को पेयजल आपूर्ति मिलती है। लेकिन 15 दिन से क्षेत्रवासी पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति करने में नगर पालिका फेल हो रही है।



फूलों वाली बगिया स्थित ओवरहैड टैंक।

वार्ड 13 में पाइपलाइन की दिक्कत है। इसे सही कराने के लिए संबंधित को निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।
**–दुर्गेश्वर त्रिपाठी अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद**



केला वाला तालाब क्षेत्र के लोगों का हाल काफी बुरा है। पानी नहीं आने से लोगों को काफी मुश्किलें हो रही हैं।
**– मुराद मियां**



15 दिन से पानी नहीं आ रहा है। आस पड़ोस से पानी भरकर घरेलू कार्यों को पूरा किया जा रहा है।
**– सरफराज**



कई–कई घंटे मोटर चलाने के बाद भी पानी नहीं आ रहा है। इस ओर पालिका के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।
**– तसलीम खां**



चौकी कुंडा क्षेत्र में पानी नहीं आने से काफी परेशानी हो रही है। समस्या का समाधान भी नहीं हो रहा है।
**– निगहत बी**

## एसटीआई क्लिनिक में छह महीने से काउंसलर नहीं

**बरेली, अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल में स्थापित एसटीआई यानी सेक्सुअली ट्रांसमिटेड इंफेक्शन क्लिनिक में छह महीने से महिला काउंसलर नहीं है। यौन संबंधी रोग के मरीज परामर्श के लिए क्लिनिक पर आ रहे हैं, लेकिन मायूस होकर लौट रहे हैं।

छह महीने पहले एसटीआई क्लिनिक का संचालन शुरू हुआ था। उस समय 25 से 30 मरीज रोज क्लिनिक पर आते थे। अब मरीज आते हैं, लेकिन महिला काउंसलर के न होने के कारण लौट जाते हैं। दरअसल, महिला काउंसलर का तबादला दूसरे जिले में हो चुका है, लेकिन नई तैनाती नहीं की गई है। इस वजह से मरीजों को जिला महिला अस्पताल और जिला अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। फिलहाल, क्लिनिक में स्टाफ मरीजों का बीपी चेक करने का काम कर रहा है।

# बदले गए जर्जर तार, चार घंटे ठप रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र में 11 हजार केवीए लाइन के जर्जर तार बदले की वजह से शनिवार को चार घंटे बिजली ठप रही। चार घंटे तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। दोपहर 12 बजे आपूर्ति सुचारु होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।

सिविल लाइंस बिजलीघर की 11 हजार की लाइन के तार जर्जर होने की वजह से आए दिन फॉल्ट होते हैं। जर्जर तारों को बदलवाने के लिए कई बार लोगों ने विद्युत निगम के अधिकारियों को बताया। उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए एसडीओ प्रथम सचिन कुमार रस्तोगी ने सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक शटडाउन ले लिया। इसके चलते आदर्श कॉलोनी, टैक्सी स्टैंड, रेलवे स्टेशन और कृष्णा कॉलोनी की बिजली बंद रही। एसडीओ तृतीय संजीव कुमार रवि ने बताया कि 23-24 जून को पहाड़ी गेट, शाहबाद और नवाबगेट क्षेत्र में सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक बिजली नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि पहाड़ी गेट के मोहल्ला पंखेवालान, छीपियान, पुराना गंज, शाहबाद गेट के ईदगाह रोड और माला रोड क्षेत्र, नवाबगेट क्षेत्र में एबीसी केबल बदलवाने का कार्य कराया जाएगा। इसके चलते दो दिन तक चार-चार घंटे आपूर्ति बंद रहेगी।



कृष्णा कॉलोनी में जर्जर तारों को सही करते विद्युतकर्मी। ● अमृत विचार

- सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक सिविल लाइंस क्षेत्र में बदले गए तार

Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
NEET (UG) Top Rankers

AIR 6 KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
AIR 7 BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
AIR 8 DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
AIR 13 VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
AIR 27 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
AIR 60 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

**आज का मौसम**

आसमान में बादल और धूप रहने का अनुमान।

38.0⁰ अधिकतम तापमान | 29.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:15

**एक नजर**

## विद्या सागर बने रामपुर के नए एसपी



**रामपुर, अमृत विचार :** देर रात शासन की ओर से कई आईपीएस को इधर से उधर किया गया है। इसमें रामपुर में तैनात एसपी राजेश द्विवेदी को प्रयागराज में कुंभ मेला एसपी बनाया गया है। गौतम बुद्धनगर में डीसीपी के पद पर तैनात आईपीएस विद्या सागर मिश्रा रामपुर के नए एसपी होंगे। विद्या सागर मिश्रा मूल रूप से बलिया के रहने वाले हैं। वह 1999 बैच के आईपीएस अफसर हैं। वह जल्द ही चार्ज लेंगे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत, मां और भाभी घायल

## मामा के घर नामकरण संस्कार में शामिल होने जा रहे थे तीनों

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसकी मां और भाभी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। युवक की मौत के बाद नामकरण संस्कार की खुशियां मातम में बदल गईं।



शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव तलिकाबाद निवासी इंद्रपाल सिंह (19) अपनी मां भूकन देई व भाभी रुकमणी के साथ पटवाई के नया गांव निवासी अपने मामा के घर होने वाले नामकरण संस्कार में शामिल होने गया था। शाहबाद-रामपुर मार्ग पर किरा गांव के निकट ओवरटेक कर रही कार ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। इसके बाद एंबुलेंस द्वारा से तीनों को सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक की हालत नाजुक होने पर परिजन उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मां और भाभी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### हादसे के बाद मौके पर मची चीख पुकार

कार की टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर गए। यह देख आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। इस बीच किसी ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ले तीनों घायलों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में जानकारी मिलने के बाद घायलों के रिश्तेदार भी मौके पर आ गए। परिजनों ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाला इंद्रपाल तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह पिता के साथ खेती करता था।

- **किरा गांव के निकट सामने से आ रही कार ने बाइक में मारी टक्कर**

## प्रेमी के साथ फरार हुई युवती की कराई शादी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** प्रेम-प्रसंग के चलते घर से फरार हुई युवती को बरामद कर क्षेत्रवासियों ने दोनों की रजामंदी से शदी करा दी।

नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली युवती का पड़ोसी युवक से काफी समय से प्रेम-प्रसंग चला आ रहा था। प्रेम परवान चढ़ा तो दोनों का मिलना जुलना शुरू हो गया। इसी बीच उनके प्रेम-प्रसंग की भनक परिजनों को लग गई। उन्होंने दोनों पर पाबंदी लगा दी। इस पर प्रेमी युगल रात के अंधेरे में चुपके से घर से फरार हो गया। सुबह जब युवती घर में दिखाई नहीं दी तो परिजन कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करा दी। इसके बाद पुलिस ने प्रेमी युगल को पकड़ कर परिजनों को सौंप दिया। मगर प्रेमी युगल परिजनों के साथ न जाने की जिद पर अड़ गया।

कोतवाली में घंटों चले हंगामे और पंचायत के बाद पुलिस ने मोहल्ले के कुछ गणमान्य नागरिकों से बातचीत की। गणमान्य नागरिकों ने प्रेमी युगल और उनके परिजनों से वार्ता कर दोनों का विवाह करा दिया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि दोनों बालिग थे। इसलिए उन्होंने अपनी मर्जी से शादी कर ली।

# तालाब में गिरी मारुति वैन, वृद्ध की मौत

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शाहबाद के जाहिदपुर में बच्चे के जनाजे में शामिल होने आए रिश्तेदारों की मारुति वैन बेक करते समय तालाब में गिर गई। हादसे से मौके पर चीख-पुकार मच गई। रिश्तेदारों ने गोताखोरों की मदद से वैन में फंसे लोगों को तालाब से निकाला। इस दौरान वैन में सवार बुजुर्ग को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। इस पर उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव जाहिदपुर निवासी जाहिद की पत्नी ने दो दिन पहले बेटे को जन्म दिया था। हालत बिगड़ने पर उसे रामपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान नवजात की शुक्रवार को मौत हो गई। शाम को उसके जनाजे में शामिल होने के लिए भोट के गांव इंड्रा निवासी रिश्तेदार आए थे। उन्होंने अपनी मारुति वैन गांव के पास तालाब किनारे खड़ी कर दी थी। जनाजे में शामिल होने के बाद घर जाने के लिए रिश्तेदार मारुति वैन में सवार हुए। बेक करते समय अचानक चालक का ब्रेक से कंट्रोल हट गया। लिहाजा, मारुति वैन तालाब में गिर गई और पानी में समाती चली गई। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मदद के लिए तालाब की ओर दौड़ पड़े। आनन-फानन में गांव के गोताखोरों को बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद मारुति वैन में सवार लोगों को तालाब से निकाला गया। पानी से बाहर निकालते समय बच्चे सहित सभी लोग बेहोश हो गए। शाहिद (60) को सांस लेने में दिक्कत के चलते सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही रात में ही अधिकारी भी गांव पहुंच गए। वैन में वृद्ध सहित तीन महिलाएं, दो बच्चे और एक युवक सवार थे।



तालाब के पास खड़ी पानी से निकाली गई मारुति वैन। ● अमृत विचार

- **बच्चे के जनाजे में शामिल होने आए थे कार सवार लोग**
- **शाहबाद थाना क्षेत्र का मामला, मौके पर पहुंची पुलिस**



तालाब से कार व उसमें सवार लोगों को निकलवाती पुलिस। ● अमृत विचार

# साले-बहनोई में चले धारदार हथियार, छह लोग घायल

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते साले और बहनोई के बीच धारदार हथियार एवं लाठी-डंडे चल गए। इसमें प्रधान के पिता समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सक ने तीन घायलों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया है। दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

घटना मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव सरकड़ी की है। ग्राम प्रधान के पिता महमूद अली व जमील अहमद साले-बहनोई हैं। उनके बीच रंजिश चली आ रही है। शनिवार को दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों दोनों पक्षों के बीच धारदार हथियार व लाठी-डंडे चलने लगे। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसमें जमील अहमद, नेहा, अल्फताज व दूसरे पक्ष के प्रधान के पिता महमूद अली, फुरकान अली, मोहम्मद हनीफ घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस को देकर अन्य लोग फरार हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सक ने घायल जमील अहमद, नेहा व महमूद अली की हालत नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अभी तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

### टायर फटने से ई-रिक्शा पलटा, दो लोग घायल

**ढकिया, अमृत विचार :** शाहबाद-आसफपुर मार्ग पर देर शाम टायर फटने के कारण ई-रिक्शा अनयंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। इससे उसमें सवार ढकिया निवासी किशनपाल और भूरे बुरी तरह घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

# गोकशी का आरोपी मुठभेड़ में घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मामले में फरार चल रहे गो तस्कर को मिलक पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके से बाइक, तमंचा और कारतूस मिले हैं।

शुक्रवार की रात मिलक पुलिस ग्राम तिराह पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर की बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। वह पुलिस टीम पर फायर करते हुए बाइक मोड़कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने अपने आप को बचाते हुए उन पर फायरिंग कर दी। टांग में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश टांडा के हुरमतनगर निवासी बब्बू घायल हो गया। जबकि उसका साथी रिजवान निवासी रेवड़ी खुर्द थाना मिलक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल गो तस्कर को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मौके से 315 बोर का तमंचा, दो जिन्दा व एक खोखा कारतूस, बाइक और गोकशी करने के उपकरण बरामद हुए।



गोली लगने से घायल बब्बू के पैर में अंगोछा बांधता पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### बिलासपुर में आरोपी पर दर्ज हैं 13 मुकदमे

गो तस्कर बाबू पर बिलासपुर थाने में गोकशी सहित अन्य मामलों में 13 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। पूछताछ में बाबू ने बताया कि वह जंगल में घूम रहे गोवंशीय पशुओं की दिन में रेकी करते हैं। इसके बाद रात में उनका वध करके मांस ले जाकर बेच देते हैं।



घटना स्थल पर पड़ी गो तस्करों की बाइक।

## घर में घुसकर मारपीट में आठ के खिलाफ रिपोर्ट

**भोट, अमृत विचार :** मामूली विवाद के बाद एक पक्ष ने घर में घुसकर दूसरे पक्ष के युवक को मारपीट कर घायल दिया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के खैरुल्लापुर गांव निवासी हरपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 16 जून को पत्थरखेड़ा की बाजार से लौटते समय उसके भाई गुड्डू के पैर पर गांव निवासी संजय ने बाइक का पहिया चढ़ा दिया था। कहासुनी के बाद लोगों के समझाने पर मामला शांत हो गया था। इसके बाद दोनों अपने-अपने घर चले गए। आरोप है कि संजय, आकाश, धर्मपाल, हेमलता, राममूर्ति, शिवचरन, रिंकू और उसका जीजा उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने लाठी-डंडो से हमला कर गुड्डू को लहूलुहान कर दिया। धमकी देते हुए फरार हो गए। बेहोशी की हालत में उसका भाई अब भी अस्पताल में भर्ती है।



एसपी को सम्मानित करते बार महासचिव शिव नरेश तोमर। ● अमृत विचार

# अधिवक्ताओं ने एसपी और सीओ को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के सभागार में शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने को लेकर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष केबी माथुर, बार के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद लोधी और बार के महासचिव शिव नरेश तोमर ने एसपी राजेश द्विवेदी, एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव और सीओ सिटी जितेंद्र कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

एसपी राजेश द्विवेदी ने 2023 में जिले का चार्ज संभाला था। उन्होंने पशु तस्करों पर शिकंजा कसने का आदेश दिया था। एसपी ने लगातार हो रही घटनाओं का भी जल्द से जल्द खुलासा किया था। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण से निपटाने के लिए चुनाव आयोग ने इनकी कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया था।

इस मौके पर सतनाम सिंह मट्टू, अजहर खां, मनोहर यादव, यशपाल मौर्य, राधेश्याम आर्य आदि मौजूद रहे।

**सुविधा** रेलवे ने क्षेत्रवासियों को दी अंडरपास की सौगात, दुगनपुर से लोहा तक 1500-1500 मीटर लंबी लाइन बिछाई

# अब मिलक में मालगाड़ियों का नहीं होगा ठहराव

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** मिलक-पटवाई मार्ग पर दशकों से रेलवे फाटक का दंश झेल रहे लोगों को अब निजात मिल गई। मिलक पटवाई मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर अब मालगाड़ियों का ठहराव नहीं हो सकेगा। क्रॉसिंग को मुक्त करने के लिए रेलवे ने मालगाड़ियों के ठहराव के लिए दोनों तरफ 1500-1500 मीटर लंबी दो अतिरिक्त लाइन बिछा दी हैं। मिलक में रुकने वाली ट्रेनों को अब इन नई लाइनों पर रोका जाएगा। रेलवे ने क्षेत्रवासियों को अंडरपास बनाकर खुशियों की सौगात दी है।

मिलक-पटवाई मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर कई-कई दिन तक मालगाड़ी खड़ी रहती थीं। इससे मार्ग बंद हो जाता था। इस दौरान लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता था।

क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग के बाद रेलवे विभाग ने कवायद तेज कर दी। मालगाड़ियों के ठहराव व एक्सप्रेस ट्रेनों को गुजारने के लिए दुगनपुर से लोहा तक दोनों तरफ 1500-1500 मीटर लंबी रेलवे लाइन बिछाने तथा रामनगर गांव में अंडरपास बनाने का निर्णय लिया गया। तीन साल पूर्व शुरू हुए निर्माण कार्य को पूरा कर दिया गया है। दोनों तरफ रेलवे लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में सिंग्नल का इलेक्ट्रॉनिक कार्य पूर्ण न होने के कारण ट्रेनों को धीमी रफ्तार से गुजारा जा रहा है। रविवार तक सिगनल का कार्य भी पूर्ण हो जाएगा।



मिलक में रेलवे ट्रैक पर काम करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### सोमवार से नए ट्रैक पर शुरू होगा ट्रेनों का संचालन

रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार को नए ट्रैक पर ट्रेनों का संचालन शुरू हो जाएगा। रामनगर से पटवाई होते हुए शाहबाद जाने वाले मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिए अंडरपास बनकर तैयार हो चुका है। इससे लोगों को रेलवे क्रोसिंग की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। बिना अवरोध के राहगीर मिलक से शाहबाद की और आवागमन कर सकेंगे। अंडरपास बनने से क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों को राहत मिलेगी और सीधे संपर्क मार्ग से जुड़ सकेंगे। मिलक में ओवरब्रिज बनने से पहले अंडरपास का बनना लोगों को बड़ी राहत देगा। सोमवार से लखनऊ-दिल्ली रेलवे मार्ग पर एक्सप्रेस ट्रेन फर्राटा भर सकेंगी।

## हाईवे पर टेंपो पलटने से नौ फैक्ट्री कर्मी घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर टेंपो पलट जाने से उसमें सवार नौ प्राइवेट कर्मचारी घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप घायल चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायलों में लखीमपुर भीका गांव निवासी भूप सिंह व उसकी पुत्री ममता और बालिका गहोई, हींगानगला निवासी रेहाना, जिवाई निवासी अंकिता, अमी की गोटिया गांव निवासी अखिलेश व अंगनलाल, रजपुरा गांव निवासी छेदालाल तथा रास डंडिया गांव निवासी रजनी शामिल हैं। बताया जाता है कि सभी घायल क्षेत्र की एक फैक्ट्री में काम करते हैं। सुबह करीब साढ़े छह बजे यह लोग टेंपो में सवार होकर ड्यूटी पर जा रहे थे। हाईवे पर भाखड़ा डैम के नजदीक किसी तेज रफ्तार वाहन ने टेंपो को पीछे से टक्कर मार दी। इससे टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। टक्कर मारने के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया।

# शाहबाद में डीजे पर डांस कर रहे कलाकार की हार्ट अटैक से मौत

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** डीजे पर डांस करते समय कलाकार को हार्ट अटैक आ गया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।



मोहल्ला पुराना गंज निवासी सौरभ रुहेला (38) झांकी ग्रुप चलाता था। शुक्रवार की रात शाहबाद के मोहल्ला हकीमान में वह शादी समारोह में गया था। इसमें सौरभ का डीजे पर डांस का शो भी था। सौरभ के पड़ोसी अंकुश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में उसने करीब तीन घंटे डांस किया। इस दौरान अचानक उसके सीने में तेज दर्द हुआ और वह वहीं लेट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तबियत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सकों ने हार्ट अटैक बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। साथी उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। सौरभ की मौत से परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।



सीएचसी में खड़े मृतक के साथी। ● अमृत विचार

- **शादी समारोह में डीजे पर डांस कर रहा था सौरभ**
- **अचानक तबीयत खराब होने पर जमीन पर गिर गया था युवक**

## एक नजर

### कार की चपेट आकर बाइक सवार घायल

रामपुर, अमृत विचार : पटवाई रोड पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस मादसे में बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। सिविल लाइन निवासी मनोज शनिवार की शाम शाहबाद की ओर जा रहा था। मिलक चिकना के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस हादसे में मनोज घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देख चालक कार समेत फरार हो गया। लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### जुआ खेलते दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : मिलक पुलिस ने शेर मोहम्मद और मोहम्मद कमर निवासी इस्लाम नगर को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में आरोपियों के कब्जे से 770 रुपये और ताश के 52 पत्ते मिले हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हर गांव में विकास कार्य कराना लक्ष्य : हरिबाला

## क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में बीडीसी सदस्यों और प्रधानों से विकास के एजेंडे पर हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ब्लॉक प्रमुख हरिबाला यादव ने कहा कि चमरौआ ब्लॉक के हर गांव में क्षेत्र पंचायत की निधि से विकास कार्य होंगे। ऐसे गांवों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां अभी तक कार्य नहीं हुए हैं।

शनिवार को चमरौआ ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक हुई। इसमें ब्लॉक प्रमुख ने विकास कार्यों में सहयोग के लिए बीडीसी सदस्यों और ग्राम प्रधानों का आभार जताया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जगपाल सिंह यादव ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकारों की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए पंचायत प्रतिनिधि अहम भूमिका निभाएं।

खंड विकास अधिकारी निहारिका जैन ने विकास कार्यों में सहयोग के लिए ब्लॉक प्रमुख का आभार जताते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है। समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता है। भाजपा के ग्रामीण मंडलाध्यक्ष कुंवर बहादुर राजपूत ने क्षेत्र पंचायत समिति द्वारा दस ग्राम पंचायतों के आंगनबाड़ी केंद्रों में लर्निंग सेंटर बनाने के फैसले की सराहना की। कहा कि पंचायत प्रतिनिधि अधिक से अधिक पौधरोपण भी कराएं।

एडीओ पंचायत जगतपाल सिंह व संजीव तोमर ने पंचायत राज विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नौशाद मलिक समेत कई अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां ने कहा कि प्रधान और बीडीसी सदस्य मिलकर गांवों का विकास कराएं। बैठक में विकास से संबंधित सभी प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। संचालन सहायक विकास अधिकारी दानिश हबीब ने किया।



बैठक को संबोधित करते भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जगपाल सिंह यादव।


क्षेत्र पंचायत चमरौआ की बैठक में मौजूद पंचायत प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### बैठक से नदारद रहे जल निगम, समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि

बैठक में जल निगम, समाज कल्याण विभाग और स्वास्थ विभाग के किसी प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग नहीं किया गया। इससे नाराज पंचायत प्रतिनिधियों ने निंदा प्रस्ताव पारित कर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान गंगासरन सैनी, अनीस अहमद उर्फ बब्बू प्रधान, किशन लाल लोधी, सुनील लोधी, गुलफाम अली, मुजफ्फर अली, अब्बास आदि मौजूद रहे।

● विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव पास, दस आंगनबाड़ी केंद्रों में लर्निंग सेंटर बनाने का निर्णय


पंचायत में बोलते किसान नेता मोहम्मद हनीफ वारसी। ● अमृत विचार

# मुफ्त बिजली की घोषणा से असमंजस में किसान : हनीफ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन भानु की पंचायत मोहल्ला ज्वालानगर के आगापुर में जिला संयोजक हड़ताल सिंह यादव के आवास पर हुई। किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों को दी जा रही मुफ्त बिजली को लेकर प्रदेश का किसान असमंजस में है। सरकार ने इसका खुलासा नहीं किया है कि किसानों को मुफ्त में कितनी बिजली कब से कब तक मिलेगी।

किसान नेता ने कहा कि 24 जून को आंबेडकर पार्क में पंचायत होनी है। सभी किसान समय से आंबेडकर पार्क पहुंचे। नलकूप किसानों की बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से मुलाकात की जाएगी। सभी किसान अपना कनेक्शन नियमित रूप से सुचारु कराएं। जिन किसानों ने 2023 का बिजली का बकाया जमा नहीं किया है, वह जमा कर दें। सरकार द्वारा दिए गए लाभ का फायदा उठाएं।

पंचायत में मुराद खान, इमरान खान, आसिम मियां, जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव, हरीश कुमार सक्सेना, मोनू सिंह, रेखा देवी, साबरमती, महावीर सागर, लोकेश पांडेय, मोहन पांडेय, फरहत खान, हारून खान, शादाब खान, शराफत खान आदि मौजूद रहे।

# सफाई करते समय महिला सफाई कर्मी की हालत बिगड़ी

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : धमोरा में सफाई करते समय महिला सफाई कर्मचारी की अचानक तबियत बिगड़ गई। वह बेहोश होकर गिर गई। पीड़िता व उसके साथियों ने ग्राम प्रधान पर जबरन सफाई करने का आरोप लगाया है।

मूल रूप से जनपद जौनपुर निवासी प्रभात कुमार सरोज की 2008 में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनाती हुई थी। 2022 में प्रभात की अचानक मृत्यु हो गई। इसके बाद उसकी पत्नी समृता सरोज को मृतक आश्रित में नौकरी मिल गयी। मिलक में रहकर वह परिवार का पालन पोषण कर रही है। वर्तमान में समृता की तैनाती बेगमाबाद निकट क्रमचा में है।

धमोरा में मॉल का निर्माण कराया गया है। सोमवार को प्रशासन द्वारा मॉल का निरीक्षण किया जाना है। गांव की साफ-सफाई के लिए शुक्रवार से सोमवार तक गांव में 31 सफाई कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जिनमें छह महिलाएं भी हैं। शनिवार को सफाई कार्य चल रहा था। इस दौरान समृता ने तबियत ठीक न होने के कारण सफाई करने में असमर्थता जताई। लेकिन ग्राम प्रधान जबरन काम कराने लगा। दोपहर करीब तीन बजे समृता काम करते समय बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। आनन-फानन में साथी कर्मचारी महिला को सरकारी अस्पताल ले गए। उन्होंने ग्राम प्रधान के खिलाफ आक्रोश जताया। सफाई कर्मचारियों का आक्रोश देख एडीओ जगरूप अस्पताल पहुंचे और महिला का हालचाल जाना। फिलहाल सरकारी अस्पताल में महिला का उपचार किया जा रहा है।

सफाई कर्मचारियों का आरोप है उनका काम करने का समय सुबह सात से दोपहर दो बजे तक है। इसके बावजूद ग्राम प्रधान द्वारा जबरन कार्य कराया जा रहा था। आग्रह के बावजूद ग्राम प्रधान ने समृता से जबरन नाले की सफाई कराई। इसके चलते वह बेहोश हो गयी। खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र पाल सिंह मामले की जानकारी होने से इन्कार किया है।


अस्पताल में भर्ती सफाईकर्मी समृता सरोज। ● अमृत विचार

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में निःशुल्क कोचिंग संचालित

रामपुर, अमृत विचार : मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को तैयारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि आवेदन पत्रों से संबंधित छात्र-छात्राओं के चयन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि शहर में सिविल सेवा परीक्षा, नीट, जेईई, एनडीए और सीडीएस परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग चलाई जा रही है। नए सत्र में सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग के लिए निर्धारित 70 सीटों के सापेक्ष 230 आवेदन पत्र, नीट व जेईई के लिए निर्धारित 70 सीटों के सापेक्ष 91 और एनडीए-सीडीएस के लिए निर्धारित 70 सीटों के सापेक्ष 33 आवेदन पत्र समाज कल्याण कार्यालय को मिले हैं।

राजकीय रजा इंटर कॉलेज में सुबह 10 से 11 बजे तक सिविल सेवा परीक्षा, मध्याह्न 12 बजे से अपराह्न एक बजे तक नीट एवं जेईई तथा अपराह्न दो से तीन बजे तक एनडीए, सीडीएस परीक्षा की तैयारी के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी।

# भाजपा सरकार में पसमांदा मुस्लिमों को मिली अच्छी पहचान : अंसारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शाहीन अंसारी ने कहा कि आज जो पसमांदा मुसलमानों को नई पहचान मिली है, उसका पूरा श्रेय केंद्र सरकार को जाता है। भारत का पसमांदा मुसलमान प्रधानमंत्री को उम्मीद भरी निगाहों से देखता है। जिसकी कोई बात नहीं करता है, उसकी बात प्रधानमंत्री करते हैं। कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर पसमांदा मुस्लिम समाज को जागरूक और मजबूत करने का कार्य करें।

शनिवार को गंगापुर कदीम रोड स्थित प्रदेशाध्यक्ष के निवास पर शाहीन अंसारी का फूल मालाओं से पदाधिकारियों ने स्वागत किया। प्रदेशाध्यक्ष ने पदाधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों को अमल में लाते हुए पसमांदा समाज को राजनैतिक, सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिये कार्य किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की तारीफ भी की।

इस अवसर पर अब्दुल रहमान अंसारी, इंतेजार, जमील मियां, यासीन अल्वी, नाजिल अंसारी, डा. शाहिद नबी, सज्जाद, सलीम अंसारी, शेर अली, फुरकान, यासीन, डॉ. रहीस घोसी, सलामत, फहीम, इकबाल, जमीर अहमद, हारून सैफी, इरफान, डा. दिलशाद, अनवार अंसारी, बब्लू, फाजिल अंसारी, अलीम पधान, यामीन, फरजंद, अमजद आदि शामिल रहे।


गंगापुर कदीम में आयोजित कार्यक्रम में बोलते प्रदेशाध्यक्ष। ● अमृत विचार

# अवैध खनन-ओवरलोडिंग में तीन वाहन किए सीज

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : उप जिलाधिकारी अमन देओल ने अवैध खनन और ओवरलोडिंग में तीन वाहनों को सीज किया है। इस कार्रवाई से खनन के धंधेबाजों में हड़कंप मचा है।

कोसी नदी से अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोसी नदी समेत स्टोन क्रेशरों से ओवरलोड वाहन खनन भरकर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारी कोसी नदी से अवैध खनन रोकने का दावा कर रहे हैं।

शनिवार को एसडीएम अमन देओल को सूचना मिली कि कोसी नदी से अवैध खनन भरकर लाया जा रहा है। उप जिलाधिकारी राजस्व टीम के साथ घोसीपुरा पहुंचे और वाहनों को रोक लिया। चालकों से अभिलेख मांगे लेकिन कोई भी चालक अभिलेख नहीं दिखा सका। एसडीएम ने अवैध खनन से ओवरलोड भरे तीन वाहनों को सीज करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया। उन्होंने बताया कि अवैध खनन का धंधा किसी भी कीमत पर नहीं करने दिया जायेगा। खनन के धंधेबाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।



अवैध खनन और ओवरलोडिंग में पकड़े गए वाहनों के साथ उप जिलाधिकारी।

## कल्याणकारी नीतियों की वजह से बनी सरकार

रामपुर, अमृत विचार : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कार्यकारिणी सदस्य शाहरून खां ने शनिवार को हुई बैठक में कहा कि भाजपा की जनहित कल्याणकारी नीतियों की वजह से ही तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है। सबका साथ सबका विकास के नारे के साथ सर्व समाज के विकास के लिए कार्य हुए हैं।

दावा किया कि जिस तरह केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनी है, इसी तरह 2027 में उत्तर प्रदेश में एक बार फिर योगी सरकार बनेगी। भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला महामंत्री धर्मपाल सिंह लोधी ने कहा कि भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा ओबीसी समाज का विकास हुआ है। विपक्षी पार्टियां ओबीसी समाज को बहकाने का काम कर रही हैं। बैठक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री तैयब मियां और आशु खां भी मौजूद रहे।

# लक्ष्य के पदाधिकारियों ने लिया पौधरोपण का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : संगठन लक्ष्य के स्थापना दिवस के अवसर पर कृष्ण मंदिर ज्वाला नगर में जिला कमेटी की बैठक हुई। इसमें लक्ष्य की स्थापना दिवस पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने पौधरोपण का संकल्प भी लिया।

बताया कि संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अमरपाल सिंह लोधी ने 22 जून 2017 को लक्ष्य संगठन की स्थापना की थी। लक्ष्य के जिला अध्यक्ष गिरजेंद सिंह लोधी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने का काम अमरपाल सिंह लोधी ने किया है। लक्ष्य ने देश में कोचिंग सेंटर, लाइब्रेरी और छोटे-छोटे स्कूल खोलने का काम किया है। गांव देहात क्षेत्र में शोषित, पीड़ित और वंचित समाज के जो लोग पढ़ना तो चाहते हैं लेकिन संसाधनों के अभाव में आगे नहीं पढ़ पाते हैं। उन क्षेत्रों में भी वृक्षों के नीचे चौपालों पर बैठकर निशुल्क शिक्षा देने का काम लक्ष्य से जुड़ी टीम उनके पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है।

लक्ष्य की शुरूआत उन परिस्थितियों में हुई जब लोधी समाज की दिशा और दशा बदलने वाले लोग दिगभ्रमित हो गए थे। संगठन के कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण करने का प्रण लिया। इस मौके पर अमर सिंह राजपूत, केपी सिंह, हरिशंकर, नरेश कुमार, मानसिंह, कपिल कुमार लोधी, गोविंदराम लोधी, राजपाल, हरपाल आदि उपस्थित रहे।


बैठक के बाद मौजूद लक्ष्य संगठन से जुड़े पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## सार संक्षेप


गोशाला का निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### बीडीओ ने गोशालाओं की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बिलासपुर, अमृत विचार : क्षेत्र में संचालित गोशालाओं का खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गोशालाओं के रखवालों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शनिवार की सुबह छह बजे खंड विकास अधिकारी ने गांव खजुरिया खुर्द और चौकोनी स्थितगोशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गांव चौकोनी स्थित गोशाला में 28 तथा खजुरिया खुर्द की गोशाला में 64 पशु मिले। पशुओं के लिए हरे चारे और भूसे की पर्याप्त व्यवस्था है। पुरानी कुट्टी काटने की मशीन खराब होने के कारण दोनों गोशालाओं में नई मशीन लगवा दी गई है। उन्होंने गोशालाओं की देखभाल करने वालों को निर्देशित किया कि पशुओं को चारे, पानी आदि समस्या का सामना न करना पड़े। चेतावनी दी कि देखभाल में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एडीओ पंचायत सलीम हुसैन, ग्राम पंचायत अधिकारी धर्मानंद, त्रिवेंद्र मोहन सागर, ओम प्रकाश आर्य, ग्राम प्रधान भगवत सरन, रेखा, रामशरण आदि मौजूद रहे।


ज्येष्ठ पूर्णिमा पर रामगंगा में डुबकी लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### ज्येष्ठ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

सैफनी, अमृत विचार : शनिवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन पर्व पर नगर सहित क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में रामगंगा नदी में श्रद्धा पूर्वक आस्था की डुबकी लगाई। तड़के से ही श्रद्धालु भारी संख्या में रामगंगा घाट पर पहुंचने शुरू हो गए। श्रद्धालुओं ने स्नान कर रामगंगा में फूल, प्रसाद आदि चढ़ाकर मनौतियां मांगी। घाट पर इस बार मेला भी लगा। इसमें चाट, पकौड़ी, प्रसाद, खेल-खिलौने इत्यादि की दुकानें लगाई गईं। लोगों ने घाट पर भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को जलपान कराया।

### बिलासपुर में चार, केमरी में पांच लोगों ने कराया नामांकन

बिलासपुर, अमृत विचार : नगरीय निकाय उपचुनाव के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन नगर में चार और केमरी में पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। ज्ञात हो कि नगर पालिका के वार्ड-22 तथा केमरी नगर पंचायत के वार्ड नौ के रिक्त चल रहे सभासद पदों के लिए उपचुनाव होने हैं। आरओ अमित कुमार ने बताया कि केमरी के रिक्त सभासद पद के लिए अंतिम दिन नईम अहमद, कौसर जहां, मोहम्मद आरिफ, तनवीर अहमद और मोहम्मद इरफान ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। दूसरी ओर आरओ राजेश कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद के रिक्त सभासद पदों के लिए मीनाक्षी रस्तोगी, राहुल रस्तोगी, सोनल रस्तोगी तथा शमी अकरम ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद नाम वापसी और प्रत्याशियों को चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। आठ जुलाई को मतदान तथा 10 जुलाई को मतगणना की तिथि नियत गई है।

योग | जैन समाज ने किया जैन मंदिर में योग शिविर का आयोजन

# प्राणायाम जगाते हैं आध्यात्मिक चेतना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जैन इंटर कॉलेज के हिन्दी प्रवक्ता मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि योग एक जीवन शैली है जो व्यक्ति को तन-मन से स्वस्थ बनाती है। योगासन और प्राणायाम हमारी आध्यात्मिक चेतना को जगाते हैं। दुनिया बहुत खूबसूरत और विभिन्न संसाधनों से परिपूर्ण है। इसका लाभ हम तभी उठा सकते हैं, जब हम पूरी तरह स्वस्थ हों। हमारा शरीर रोगों का घर बन चुका है। इसलिए हर व्यक्ति को योग करना चाहिए।

जैन समाज द्वारा जैन मंदिर में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जैन इंटर कॉलेज के हिन्दी प्रवक्ता मुनीश चंद्र शर्मा ने योग साधकों को योगाभ्यास कराया। जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन खंडेलवाल ने योग को अपने जीवन का अंग बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमें अपने व्यस्त जीवन में समय निकालकर अपने लिए योग अवश्य करना चाहिए। जैन समाज के मुख्यमंत्री विशाल जैन ने कहा कि योग के मार्ग को अपनाना किसी उपासना से कम नहीं है।

पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रवि मेहरा ने योग का महत्व और उससे होने वाले लाभों को बताया। जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन खंडेलवाल और मुख्यमंत्री विशाल जैन द्वारा योग के क्षेत्र में योगदान के लिए मुनीश चंद्र शर्मा रवि मेहरा और राकेश सेनी को मोतियों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राहुल जैन, निर्भय जैन, डॉ. प्रदीप जैन, रमेश जैन सेठी, समर्पण जैन, अनुराग जैन, राजीव जैन, अजय जैन सेठी, अनिल जैन, डॉ. शीनू जैन, डॉ. रुक्मणि जैन, रेनू जैन आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

## मामूली कहासुनी में युवक को लात घूंसों से पीटा

मसवासी, अमृत विचार : मामूली कहासुनी में पिता-पुत्रों ने मिलकर युवक की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

नगर के मोहल्ला भूबरा वार्ड संख्या तीन निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मामूली बात पर हुई कहासुनी के बाद पड़ोसी ने अपने तीन पुत्रों के साथ मिलकर लात-घूंसों से जमकर पिटाई की और उसके कपड़े भी फाड़ दिए। युवक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने पिता-पुत्रों से अपनी जान-माल को खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी राहुल गंगवार ने बताया कि तहरीर मिल गई है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।


ग्राम करैथी में बकाएदारों से बातचीत करते अधिकारी। ● अमृत विचार

# प्रथमा बैंक के अधिकारियों ने की चार बकाएदारों की संपत्ति कुर्क

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ने अभियान चलाकर तीन बकाएदारों की जमीन कुर्क की। एक बकाएदार का ट्रैक्टर भी जब्त कर लिया। बैंक अधिकारियों की कार्रवाई से बकाएदारों में हड़कंप मचा रहा। वहीं, बीस बकाएदारों से भी वार्ता की गई। उन्होंने जल्द से जल्द ऋण अदा करने का आश्वासन दिया।

शनिवार को प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक ने ऋण वसूली अभियान चलाया। नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित एवं क्षेत्रीय प्रबंधक विनय मिश्रा की अगुवाई में टीम शाहबाद के करैथी गांव पहुंची। टीम ने यहां तीन बकाएदारों की जमीन कुर्क की। एक बकाएदार का ट्रैक्टर भी जब्त कर लिया। इसके अलावा 20 बकाएदारों से वार्ता कर उन्हें जल्द से जल्द ऋण जमा करने की हिदायत दी। इस दौरान शाहबाद की मधुकर शाखा के प्रबंधक अशोक कुमार साहू भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### अनधिकृत रूप से बेचा जा रहा सामान जब्त

**बरेली, अमृत विचार :** मुरादाबाद से आई वाणिज्य विभाग की टीम ने बरेली जंक्शन पर चेकिंग अभियान चलाया। प्लेटफॉर्म नंबर एक, दो, तीन व चार पर खानपान के स्टॉल चेक किए। इसके अलावा वेटिंग रूम में जाकर वहां भी खानपान के स्टॉल को चेक किया। टीम ने स्टॉल पर उन सामानों को खंगाला, जिन्हें बिक्री के लिए स्वीकृत नहीं किया गया है। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आधा दर्जन स्टॉल पर ऐसे उत्पाद मिले हैं, जिन्हें बेचने की अनुमति नहीं है। लिहाजा अनधिकृत रूप से बिक रहे इन उत्पादों को जब्त कर लिया है।

### सीबीगंज में 29 को लगेगा अप्रेंटिस मेला

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सीबीगंज में 29 जून को सुबह साढ़े दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक एक दिवसीय अप्रेंटिस मेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें सरकारी, सहकारी, निगम व प्रतिष्ठित निजी उद्योग शामिल होंगे ।आईटीआई पास किए हुए छात्र मेले में प्रतिभाग करेंगे। संस्थान के प्रधानाचार्य टीकम शरण ने बताया कि इसमें शामिल होने के लिए छात्रों को भारत सरकार के अप्रेंटिस पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य है।

# न्यू लाइट क्रिकेट क्लब ने जीता मैच

## इंदिरा क्लब को दी करारी मात, मैन ऑफ दि मैच बने न्यू लाइट क्लब के लालू

संवाददाता, टांडा



विजयी टीम के साथ मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे अब्दुल माजिद और अख्तर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में न्यू लाइट क्रिकेट क्लब टांडा ने रोमांचकारी मैच में इंदिरा क्रिकेट क्लब को हराकर सात विकेट से मैच जीत लिया।

इंदिरा क्रिकेट क्लब ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में आठ विकेट पर 162 रन बनाए। इसमें इकबाल बलिया ने 48, शादाब कुरैशी ने 26, आमिर ने 25 तथा रहमान ने 15 रन बनाए। अतिरिक्त 26 रन रहे। न्यू लाइट क्रिकेट क्लब के गेंदबाज राहत अली ने तीन खिलाड़ी तथा शफीक, लालू, नवेद ने एक-एक खिलाड़ी आउट किया। 163 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यू लाइट क्लब के लालू ने सर्वाधिक 89, हुजैफा ने 25, असजद ने 15 और राहत अली ने 12 रन बनाए। मैच के दौरान 22 रन अतिरिक्त मिले।

इंदिरा क्लब के गेंदबाज रहमान, मुनीर बादशाह ,आमिर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। न्यू लाइट क्लब की टीम ने यह मैच 15.3 ओवर में तीन विकेट खोकर 165 रन बनाकर मैच सात विकेट से जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। मैन ऑफ दि मैच न्यू लाइट क्लब के लालू को हरफन मौला खेल के प्रदर्शन पर समाजसेवी इफ्तेखार आलम द्वारा दिया गया। मोहम्मद सईद सागर, अब्दुल रज्जाक, मौलाना इफ्तिखार, नदीम गोरे, मौलाना जुनैद, आकिब गुल, मोहम्मद जमाल, शमशाद, पालिकाध्यक्ष के पति हाजी सरफराज आलम, अध्यक्ष मोहम्मद इरफान, अजीम विक्टोरिया, सभासद मतीन कुरैशी, सभासद रईस भूरा, मोहम्मद रईस, अफरोज आलम, लियाकत अली जुनैद, रिसालत अली आदि मौजूद रहे।

# ढकिया में झमाझम बरसे मेघ, शहर में बूंदाबांदी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शनिवार की शाम आसमान में मंडराते बादल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पूरे दिन गर्मी अपने शबाब पर रही। हालांकि, अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक आ गया। शाम को करीब 7:30 बजे बादल उमड़ घुमड़ कर आए और बूंदाबांदी हुई। इसके बाद उमस और बढ़ गई। लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल हो गए। हालांकि क्षेत्र के ढकिया में काली घटाएं झमाझम बरसीं। लोगों ने बारिश का खूब आनंद लिया। झमाझम बारिश से खेतों में खड़ी गन्ने और मेंथा की फसल लहलहा उठीं। इसके साथ लोगों को गर्मी से भी राहत मिली।

पूरे दिन गर्म हवा के चलने से लोग गर्मी से हलकान होते रहे। उमस भरी गर्मी से बचने को लोगों ने तरह-तरह के जतन किए। कोई स्वीमिंग पूल में उतरा तो किसी ने शॉवर से गर्मी को दूर किया। शहर में पूरे दिन मौसम गर्म रहा। शाम को बादल घिरकर आए और हल्की बूंदाबांदी करके आगे बढ़ गए। ढकिया में झमाझम हुई वर्षा से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

शनिवार सुबह को ढकिया क्षेत्र में काली घटाएं झमाझम बरसीं। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। इसके साथ ही बारिश होने से खेत में खड़ी गन्ना, मेंथा और धान की फसल लहलहा उठी। हालांकि बारिश रुकने के बाद लोगों ने उमस महसूस की। शहर में भी शाम को हुई बूंदाबांदी के बाद उमस काफी बढ़ गई।

### अशुद्ध पानी पीने से घेर सकती हैं बीमारियां

जिला अस्पताल के फिजीशियन डा. डीके वर्मा ने बताया कि गर्मी में अशुद्ध पानी पीने से बचें वर्ना कई बीमारी घेर सकती हैं। कुछ बीमारी तो सामान्य होती हैं, जिनका इलाज आसानी से हो होता है। लेकिन कुछ बीमारी गंभीर होती हैं। इनका समय पर इलाज नहीं कराया तो जानलेवा साबित हो सकती हैं। गर्मी में पीलिया ऐसी बीमारी है जो अशुद्ध पेयजल के कारण होती है। डा. मुकुट लाल बताते हैं कि पीलिया में मरीज को पीला पेशाब आता है। उसके नाखून, त्वचा और आंखों का सफेद भाग पीला पड़ जाता है। बेहद कमजोरी, जी मचलाना, बुखार, वजन में कमी, हल्के रंग का मल, पेट दर्द, भूख न लगना आदि दिक्कत होने लगती है। कुछ मामलों में शरीर में असहनीय खुजली हो जाती है। इस रोग से बचने के लिए साफ और स्वच्छ पानी का सेवन करें और संतुलित आहार लें।

> आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान 36 से 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 से 26 डिग्री सेल्सियस तक रहने का अनुमान है। वायु वेग आठ से 15 किमी. प्रतिघंटा की गति से अधिक रह सकता है। हल्की बारिश होने की भी संभावना है। **-डा. उदय प्रताप शाही,** मौसम वैज्ञानिक, कृषि विवि, मेरठली

# टीम ने 22 स्थानों से पकड़ी बिजली चोरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



नालापार क्षेत्र में चेकिंग करती विजिलेंस टीम। ● अमृत विचार

- **नालापार क्षेत्र में विजिलेंस टीम ने की छापामारी**

**अमृत विचार :** शुक्रवार को विद्युत निगम और विजिलेंस टीम ने शहर के अलग-अलग मोहल्लों में 22 स्थानों से बिजली चोरी पकड़ी। सभी के खिलाफ बिजली चोरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दिन निकलते ही छापेमारी करने से उपभोक्ताओं में खलबली मची रही।

अधीक्षण अभियंता वीके आर्य के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में शनिवार की सुबह चेकिंग हुई। सिविल लाइंस क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी के दो घरों में मीटर बाईपास करके बिजली चोरी करते हुए उपभोक्ता को रंगे हाथ पकड़ लिया। डूंगरपुर, जेल रोड, नालापार और मोरी गेट क्षेत्र के 11 घरों से 5.1 किलोवॉट की चोरी पकड़ी। नवाबगेट क्षेत्र में छह और पहाड़ी गेट क्षेत्र में तीन घरों से बिजली चोरी पकड़ी गई। एक्सईएन प्रथम इमरान खां ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर बिजली के मुकदमे दर्ज हुए हैं और वह बकाए की अदायगी नहीं कर रहे हैं। जल्द ही बकाया जमा कराए जाने के लिए एसडीओ और जेई ऐसे उपभोक्ताओं की सूची बनाएं। पुराना बकाया जून में जमा कराया जाएगा। इसके लिए तीन उपखंड अधिकारी और सभी अवर अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि बकाएदारों से बकाया जल्द जमा कराएं। इसमें कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

बताया कि चोरी पर रोक लगाने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसलिए उपभोक्ता चोरी न करें बल्कि समय से बिल की अदाएगी करें।

## पांच रोडवेज चालकों की संविदा समाप्त

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली रीजन में लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे पांच चालकों की संविदा समाप्त कर दी गई है। कई बार नोटिस देने के बाद भी चालक काम पर नहीं लौट रहे थे। एआरएम ने अंतिम नोटिस देकर कार्रवाई की।

बरेली और रुहेलखंड डिपो में चालक और परिचालकों की कमी है। इसके अलावा 50 से अधिक चालक और परिचालक गैरहाजिर चल रहे हैं। जिसका असर रोडवेज बसों के संचालन पर भी पड़ रहा है। गैरहाजिर चालक लगातार नोटिस देने के बाद भी काम पर नहीं लौट रहे थे। अब बरेली डिपो के दो और रुहेलखंड डिपो के तीन चालकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। एआरएम बरेली डिपो संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि लंबे समय से गैरहाजिर चल अन्य चालकों को भी नोटिस भेजे गए हैं। अगर वह जल्द ही काम पर नहीं लौटे तो उनकी भी सेवा समाप्त की जाएगी।

# चक खरदिया प्रकरण में आठ आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, टांडा





टांडा थाने में खड़े आरोपी। ● अमृत विचार

- **पुलिस ने सभी को अदालत में पेश करने के बाद भेजा जेल**
- **शुक्रवार की सुबह जमीन व पेड़ों के विवाद में चली थी गोली**

**अमृत विचार :** ग्राम चक खरदिया में दो पक्षों में हुई मारपीट एवं फायरिंग के मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। दोनों पक्षों की ओर से पांच-पांच लोगों को आरोपी बनाया गया है। शनिवार को पुलिस ने इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास हथियार भी मिले हैं। पुलिस ने आठों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

ग्राम चक खरदिया में शुक्रवार की सुबह जमीन एवं पेड़ों को लेकर हुए विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट के साथ ही गोली चली थी। गोली लगने से एक पक्ष की नसीम जहां और दूसरे पक्ष की फरहाना घायल हो गईं थी। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह और सीओ कीर्तिनिधि आनन्द ने स्थिति को नियंत्रित किया था। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए थे। देर शाम दोनों पक्षों की ओर से पांच-पांच लोगों को नामजद करते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

> चक खरदिया में जमीन के विवाद को लेकर हुई मारपीट व फायरिंग में तहरीर के आधार पर दस लोगों को आरोपी बनाया गया है। शनिवार को आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस तैनात कर दी गयी है। **-कीर्तिनिधि आनन्द,** सीओ, टांडा

एक पक्ष के अब्दुल वारिस ने फारूक, फुरकान, मंसूर, मतलूब और मकबूल को नामजद करते दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा था है कि जमीन की रंजिश को लेकर आरोपियों ने उसके व परिवार के अन्य लोगों के साथ मारपीट की। मकबूल व फारूक ने गोली चलाई जिसके छर्रे उसकी मां के हाथ और मुंह पर लगे थे।

दूसरे पक्ष के मतलूब ने रिपोर्ट में कहा है कि जमीन के विवाद को लेकर वारिस, महबूब उर्फ भूरा, दिलशाद, इरशाद व जुल्फिकार ने मारपीट व फायरिंग की। गोली लगने से उसकी भतीजी फरहाना घायल हो गयी। पुलिस ने शनिवार को दोनों पक्षों के मकबूल, मतलूब, फुरकान, महबूब उर्फ भूरा, अब्दुल वारिस, इरशाद, दिलशाद और जुल्फिकार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मकबूल के पास से देसी बंदूक और दो कारतूस तथा दिलशाद व जुल्फिकार के पास से एक-एक तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

# पुराना गंज में कूड़े का उठान नहीं होने से लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मोहल्ला पुराना गंज की सड़क पर लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला पुराना गंज में नगर पालिका के अधिकारियों की अनदेखी के चलते कूड़े का उठान नहीं हो रहा है। इससे संक्रामक रोग फैल रहे हैं। मोहल्लेवासी कई बार अधिकारियों को अपनी समस्या बता चुके हैं। लेकिन समाधान नहीं हुआ।

मोहल्ला छीपियान में जिला सहकारी बैंक से सीधी सड़क पुराना गंज की ओर जा रही है। पुराना गंज जाने से पहले कई दिन से कूड़े के ढेर लगे हैं। यह कूड़ा कचरा आते-जाते लोगों के पैरों में आ रहा है। इसमें काफी दुर्गंध भी उठ रही है। क्षेत्रवासी मनोज, शिल्पो, राजकुमार और अनमोल ने बताया कि कूड़ा उठान नहीं होने के बारे में अधिकारियों को कई बार बताया लेकिन कूड़ा नहीं उठा। कहा कि अगर यहां कूड़ादान रखवा दिया जाए तो सड़कों पर फेंका जाने वाला कूड़ा कूड़ेदान में डाला जाएगा। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवेंद्र गौतम ने बताया कि कूड़ा उठान के लिए सुपरवाइजर को कह दिया। मोहल्ला छीपियान में कूड़ादान रखवाया गया था, लेकिन इसके बाद भी लोग सड़क पर कूड़ा फेंकते हैं।

# डा. सतवीर सिंह बने नए चिकित्साधीक्षक

संवाददाता, टांडा



डॉ. सतवीर सिंह का स्वागत करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रशासनिक फेरबदल किया है। चिकित्साधीक्षक डा. सत्यपाल सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह डा. सतवीर सिंह को नया चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। डा. सतवीर सिंह पहले भी सीएचसी के अधीक्षक रह चुके हैं। शनिवार को उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया। स्टॉफ ने उनका फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

जिला अधिकारी जोगिंदर सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिले के तमाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की थी। इसके तहत सीएचसी टांडा में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्यपाल सिंह को निर्देश दिए थे कि वह टांडा के चिकित्सा अधीक्षक को हटाकर उनकी जगह किसी अन्य को जिम्मेदारी सौंपी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एसपी सिंह ने टांडा के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सतपाल सिंह को उनके पद से हटाकर उन्हें यहीं पर चिकित्सा अधिकारी बनाया है। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर सतवीर सिंह को चिकित्सा अधीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शनिवार को स्टाफ ने डॉ. सतवीर सिंह का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. धीरज कुमार नीम, डॉ. जितेन्द्र पारासर, डॉ. परविंदर यादव, नन्हे, जय नारायन गौतम, नासिर अली, नितिन कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

## अब बरेली में उगाई जाएगी खरीफ प्याज

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली में अब खरीफ प्याज का भी उत्पादन किया जाएगा। प्याज के बढ़ते दामों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। इसके प्रति किसानों को जागरूक करने के लिए जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश सरकार ने इसके लिए 300 हेक्टेअर भूमि में उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने बताया कि योजना के तहत 'पहले आओ, पहले पाओ' की नीति अपनाई गई है। इसमें पहले आवेदन करने वाले किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों को इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण और संसाधन भी प्रदान किए जाएंगे ताकि वे उच्च गुणवत्ता वाले प्याज का उत्पादन कर सकें।

# परम चौकी इंचार्ज की डीजीपी से शिकायत, लगाए आरोप

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने में रिपोर्ट दर्ज न करने व कार्रवाई के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए चौकी इंचार्ज की शिकायत डीजीपी सहित अन्य अधिकारियों से की है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने डीजीपी व अन्य अधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि 17 जून को उसकी नाबालिग पुत्री को आकाश अपने साथियों की मदद से बहला फुसलाकर ले गया था। उसने परम चौकी इंचार्ज को तहरीर दी। लेकिन उन्होंने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तीन दिन तक वह चौकी इंचार्ज के आगे पीछे घूमता रहा।

आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने रिपोर्ट दर्ज करने के एवज में पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की। असमर्थता जताने पर उसे झूठे मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी। उच्च अधिकारियों से शिकायत पर 20 जून को रिपोर्ट तो दर्ज हो गई। लेकिन आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया।

21 जून की रात आकाश अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस गया। मारपीट करते हुए रिपोर्ट वापस लेने का दबाव बनाया। जान से मारने की धमकी भी दी। उन्होंने इसकी सूचना चौकी इंचार्ज को दी। आरोप है कि चौकी इंचार्ज ने कहा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के साथ खूब मारपीट कर लो। सुबह प्रार्थना पत्र लेकर आ जाना। तभी दूसरे पक्ष के खिलाफ कार्रवाई कर दूंगा। पीड़ित ने अधिकारियों को भेजे पत्र में चौकी इंचार्ज के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने व पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है।

**अरदास** श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में हुआ शबद-कीर्तन

# स्त्री सत्संग सभाओं ने किया सुखमणि साहिब का पाठ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में शबद-कीर्तन करता रागी जत्था। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा संत भाई बाबा जी में स्त्री सत्संग सभाओं ने सुखमणि पाठ किया। रागी जत्थों ने शबद-कीर्तन से संगत को निहाल किया।

सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में शनिवार को श्री गुरु हरगोविंद साहिब जी के प्रकाश पर्व के मौके पर अपराह्न तीन से छह बजे तक प्रतिदिन समस्त स्त्री सत्संग सभा द्वारा सुखमणि साहिब के पाठ एवं शबद-कीर्तन किए जा रहे हैं। शनिवार को इसकी समाप्ति पर शाम 6:30 भी स्त्री सत्संग सभाओं ने श्री सुखमणि साहिब के पाठ एवं शबद-कीर्तन किए। इस दौरान तमाम लोग मौजूद रहे। अरदास के बाद प्रसाद एवं छबील का वितरण किया गया। इससे पूर्व सुबह नौ बजे अखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई। इसके बाद कीर्तन दरबार सजा। इसमें हजूरी रागी जत्था भाई देवेंद्र सिंह ने शबद-कीर्तन किया।

अरदास के बाद मीठे चावल और चाय के प्रसाद का वितरण किया गया। रात आठ बजे तक दीवान सजा। इस दौरान शबद-कीर्तन हजूरी रागी जत्था भाई देवेंद्र सिंह एवं नाम सिमरन जत्था एवं यूके से आए रागी जत्था भाई दर्शन सिंह ने शबद-कीर्तन किया। देर रात 10:30 बजे अरदास के बाद लस्सी-मिस्सी का लंगर हुआ।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

प्रधान दर्शन सिंह खुराना, गुरचरण सिंह आहूजा, सेक्रेटरी त्रिलोचन सिंह, भूपेंद्र सिंह, राधेश्याम अरोड़ा, महेंद्र सिंह, हरपाल सिंह, महेंद्र सिंह होरा, गुरजीत सिंह माटा, हरीश अरोड़ा, पपिंदर सिंह, संतोक सिंह, रविंदर सिंह, धनवंत सिंह, जसमीत सिंह, विंदरपाल सिंह खुराना, हरदीप सिंह, गुलशन अरोड़ा, प्रेम अरोड़ा एवं समस्त स्त्री सत्संग सभाओं की जत्थेदारनियां एवं सेवादार, राजा सिंह परमजीत सिंह व सचिन सिंह आदि मौजूद रहे।

## गरीबरथ में पानी खत्म और एसी भी हुई खराब

**बरेली, अमृत विचार :** सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस में शनिवार को पानी खत्म हो गया। इसके अलावा एसी भी खराब हो गई। भीषण गर्मी में यात्री परेशान हो गए। यात्रियों की शिकायत पर बरेली जंक्शन पर ट्रेन में पानी भरा गया। इसके अलावा एसी में खराबी को भी सही किया गया।

दीपक ने शिकायत की कि वह 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस से अमृतसर से छपरा जा रहे हैं। ट्रेन के जीई-2 कोच में चार बर्थ हैं लेकिन पानी खत्म हो गया है और यात्री परेशान हो रहे हैं। ट्रेन का एसी भी ठीक से काम नहीं कर रहा है। मुरादाबाद रेल मंडल के अधिकारियों ने कैरिज एंड वैगन विभाग को पानी भरने के निर्देश दिए। ट्रेन के बरेली जंक्शन पर पानी भरा गया और ट्रेन में मौजूद ट्रेन एवं लाइटिंग स्टाफ ने एसी को ठीक किया। इसके बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली।



जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर खड़े रोगी और तीमारदार। ● अमृत विचार

# जिला अस्पताल में उमड़ी मरीजों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। अधिकतम तापमान में रोजाना उतार-चढ़ाव हो रहा है। गर्म हवा शरीर को तपा रही है। इसी के चलते अस्पतालों में डायरिया, बुखार और सिर दर्द के मरीज बढ़ गए हैं।

शनिवार को जिला अस्पताल में 1016 मरीज आए। ओपीडी में सुबह आठ बजे से ही मरीजों की कतार लगने लगी। पर्चा काउंटर पर भी कतार लगी रही। सुबह नौ बजे से ओपीडी में चिकित्सकों के कक्ष में भीड़ जुट गई। मरीजों की संख्या अधिक होने पर डाक्टरों ने दोपहर दो बजे बाद भी ओपीडी में मरीजों का परीक्षण किया। एक-एक चिकित्सक ने 100 से अधिक मरीज देखे। ओपीडी के अलावा दवा काउंटर पर भी जबरदस्त भीड़ रही। सीएमएस डा. एचके मित्रा ने बताया कि गर्मी के कारण मरीज ज्यादा आ रहे हैं। इनमें ज्यादातर डिहाइड्रेशन, उल्टी दस्त और डायरिया पीड़ित हैं। डायरिया के मरीजों के लिए 55 बेड की व्यवस्था की गई है। हीट वेब के मरीजों के लिए अलग से कोल्ड रूम बना दिए गए हैं।

## एक नजर

### टीम ने जब्त की 15 किलो पॉलिथीन, जुर्माना वसूला

**मंडी धनौरा/बछरायू, अमृत विचार :** नगर में शनिवार को अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार यादव के नेतृत्व में पालिका की टीम ने अभियान चलाया गया। ठेला वालों और दुकानदारों के यहां सिंगल यूज पॉलिथीन की जांच की। टीम ने काई दुकानदारों से 10 किलो सिंगल यूज पॉलिथीन जब्त की। दो हजार रुपये का जुर्माना वसूला। ईओ ने कहा कि अभियान चलाकर आगे भी प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलिथीन की चेकिंग की जाएगी। इस दौरान रामेंद्र यादव, पंकज कुमार, रामेश्वर सिंह, राजकुमार व महेंद्र सिंह मौजूद रहे। बछरायूं नगर में अधिशासी अधिकारी दीपिका यादव के नेतृत्व में पालिका की टीम ने प्रतिबंधित पॉलिथीन को लेकर अभियान चलाया गया। टीम ने कई दुकानदारों से पांच किलो प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलिथीन जब्त कर उनसे पांच हजार रुपये का जुर्माना वसूला। यहां अमन कुमार, जावेद अली आदि मौजूद रहे।

### श्री वेंक्टेश्वरा विवि में ऑटोमोबाइल कंपनी ने किया कैंपस प्लेसमेंट

# 47 छात्र-छात्राओं को मिली नौकरी

संवाददाता, गजरौला



दीप जलाते प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी विकास ग्रुप ऑफ कंपनीज लिमिटेड की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें गजरौला और मेरठ परिसर के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तीन राउंड साक्षात्कार के बाद कंपनी ने 47 छात्र-छात्राओ को जॉब के लिए चयन किया। कंपनी के अधिकारियों व संस्थान प्रबंधन ने चयनित छात्र-छात्राओं को ऑफर लेटर दिए।

वेंक्टेश्वरा समूह के अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास से वेंक्टेश्वरा के छात्र-छात्राएं देश-विदेश में सफलता हासिल कर रहे हैं। इस दौरान कंपनी के एचआर प्रबंधक राहुल दहिया, सीनियर मैनेजर वीएस चौहान, प्लेसमेंट अधिकारी डॉ.अनिल जायसवाल, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट निदेशक सौरभ मित्रा, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डीन इंजीनियरिंग डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. सर्वानन्द साहू, डॉ. दिव्या गिरधर, आरएस शर्मा, मारूफ चौधरी, डॉ. सचान, डॉ. चारू अग्रवाल, डॉ. प्रताप सिंह, अरुण गोस्वामी, डॉ. विवेक सचान, विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# 10 गांवों की ठप रही बिजली आपूर्ति, पेयजल संकट गहराया

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं, भारापुर माफी, बवनपुरा समेत 10 गांवों में दूसरे दिन शनिवार को भी बिजली आपूर्ति गुल रही। इससे ग्रामीणों को गर्मी में परेशान का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार को तेज हवा के साथ हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली थी। लेकिन कई स्थानों पर पेड़ टूट गए। दो स्थानों पर पेड़ बिजली की लाइनों पर गिर गए थे। जिससे एक बिजलीघर की बिजली पूरी तरह ठप हो गई। शनिवार को भी उससे जुड़े 10 से अधिक गांवों में अंधेरा छाया रहा। दिन भर उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ा। बिजली आपूर्ति न होने की वजह से पेयजल आपूर्ति के लिए लोगों को जेनरेटर की जरूरत पड़ी। बिजली आपूर्ति नहीं मिलने से घर में इनवर्टर भी जबाव दे गए। उपभोक्ता कंट्रोल रूम व बिजली अधिकारियों से आपूर्ति के संबंध में जानकारी करते रहे। भारापुर बिजलीघर को जाने वाली उच्चशक्ति की लाइन पर पेड़ गिरने से वह भी टूट गई थी। उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। रातभर गांवों में अंधेरा छाया रहा।

जेई संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को तेज हवा के साथ हुई बारिश से पेड़ टूटकर बिजली के तारों पर गिर गए। जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। लेकिन अब सलेमपुर गोसाई को कुछकर बाकी भारापुर माफी बिजलीघर से जुड़े गांवों में बिजली सुचारू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस क्षेत्राधिकार ने कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण कर रिकॉर्ड देखा। शस्त्रों के रखरखाव को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकार दीप कुमार पंत ने शनिवार को कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। सीओ ने असलाह, जीडी और विवेचनाओं की जानकारी ली। शस्त्रों, जीडी, कैदखाना, भोजनालय की हालत देखी। कोतवाली में तैनात सभी सब इंस्पेक्टरों से विवेचानाओं के बारे में जानकारी की। लंबित विवेचनाओं के जल्द निस्तारण का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह सहित कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### सभासद के लिए उपचुनाव में चार नामांकन, 24 को जांच

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर-17 के लिए उपचुनाव में चार लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इनकी की जांच 24 जून को होगी। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 17 के चुनाव के दौरान ही प्रत्याशी आशियां बी की मृत्यु हो गई थी, लेकिन चुनाव में वह जीत गई थीं। शासन ने वार्ड नंबर-17 को रिक्त घोषित कर दिया था। एक वर्ष बाद रिक्त सभासद पद के लिए अधिसूचना जारी कर दी। यहां सभासद पद के लिए उपचुनाव की घोषणा कर दी गई। नामांकन प्रक्रिया ब्लॉक सभागार में 19 जून से प्रारंभ हो गई। 19 एवं 20 जून को नामांकन पत्रों की बिक्री हुई और 21 एवं 22 जून को नामांकन पत्र दाखिल हुए। 21 एवं 22 जून को नामांकन पत्र दाखिल हुए। उपचुनाव में शाहीन कुरैशी पत्नी बदर कुरैशी, मेहराज बेगम पत्नी फुरकान, मिथिलेश पत्नी अमित कुमार और मेहताब जहां पत्नी अब्दुल सत्तार ने नामांकन पत्र दाखिल किए। 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 26 जून को वापसी एवं 27 जून को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। अगर चुनाव की स्थिति बनती है तो आठ जुलाई को मतदान कराया जाएगा। आरओ नीरज कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर 17 के उपचुनाव के लिए चार लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

### डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, तीन लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर में एचडीएफसी बैंक शाखा के पास सामने आ रहे ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। मंडी धनौरा निवासी योगेश व उसका भाई पार्थ शुक्रवार शाम किसी काम से गजरौला आए थे। वह अपना काम निपटाने के बाद देर रात घर वापस जा रहे थे। एचडीएफसी बैंक के पास पहुंचे तो ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में कार डिवाइडर टकराकर पलट गई। हादसे में ई-रिक्शा चालक पुष्पेन्द्र समेत तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर घायलों के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### प्रेमी के घर पहुंची युवती ने किया हंगामा

**अमरोहा, अमृत विचार :** डिडौली में एक युवती अपने प्रेमी के घर पहुंच गई और हंगामा शुरू कर दिया। वह प्रेमी से शादी करने की जिद पर अड़ गई। मौके पहुंची पुलिस ने युवती को समझा बुझाकर रिश्तेदारों के साथ भेज दिया। यह मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव का है। यहां रहने वाले युवक का प्रेम प्रसंग अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ चल रहा था। डेढ़ साल से दोनों का मिलना जुलना था। इस दौरान युवती ने प्रेमी से शादी करने की बात कही तो उसने इनकार कर दिया। इसके बाद शुक्रवार शाम प्रेमिका प्रेमी के घर पहुंच गई और प्रेमी के घर में मिलने पर उसने हंगामा शुरू कर दिया। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई, जानकारी मिलने पर मौके पहुंची पुलिस ने प्रेमिका को समझा बुझा का शांत किया और बाद में पड़ोस के गांव में ही रहने वाले रिश्तेदार के घर पहुंचा दिया। इस मामले में शनिवार शाम तक पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी।

### महिला से कुंडल व दो अंगूठियां लेकर युवक फरार

**गजरौला,अमृत विचार :** तीन युवकों ने एक महिला से दरगाह का पता पूछने के बाद कुंडल व अंगूठियां उतरवा लीं और लेकर फरार हो गए। ठगे जाने का अहसास होने पर उसने पति व पुत्री के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी। शहर के मोहल्ला बैंक कालोनी निवासी भागवती वर्मा पत्नी प्रहलाद वर्मा शनिवार सुबह 10 :15 बजे इंदिरा चौक की तरफ जा रही थीं। यूनियन बैंक के सामने पीछे से तीन युवक आए और उनसे दरगाह का पता पूछने लगे। उसने बताया कि दरगाह कुमराला पक्के पुल पर है। इसके बाद तीनों युवकों ने भागवती को अपनी बातों में उलझा लिया और कानों के कुंडल व अंगूठी निकलवा कर ले लीं। जब महिला को ठगी का अहसास हुआ तो उसने अपने प्रहलाद वर्मा व बेटी को इस घटना के बारे में बताया। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बिजली समस्याओं को लेकर भाकियू ने किया धरना प्रदर्शन

## बिल वसूली के नाम पर किसानों से अभद्रता करने का आरोप लगाया, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बुरावली


बुरावली में बिजली घर पर एसडीओ को ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार


हसनपुर में प्रदर्शन करतीं महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बुरावली बिजली घर पर शनिवार को भारतीय किसान यूनियन भूमि के कार्यकर्ताओं ने बिजली की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। समस्याओं के जल्दी निस्तारण की भी मांग की है।

बिल वसूली के नाम पर किसानों से अभद्रता, गलत बिल भेजने, बिजली कटौती समेत अन्य समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। भाकियू के पदाधिकारियों ने कहा कि बिल अधिक निकाल कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बुरावली बिजली घर पर किसानों का शोषण होता रहता है। बिजली का बिल गलत बनाकर लोगों को चक्कर काटने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

बिजली कटौती होने से फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। इससे किसान परेशान हैं।

**आरोप**

● भाकियू नेता बोले-बुरावली बिजली घर पर किसानों का किया जा रहा है शोषण

बुरावली बिजली घर पर तैनात एसडीओ बिट्टू कुमार ने किसानों की समस्यायों को सुना। एसडीओ के आश्वासन पर किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

प्रदर्शन करने वालों में प्रदेश संगठन मंत्री किसान यूनियन भूमि गजेंद्र बिधूड़ी, प्रदेश सचिव सत्यवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष कल्लन पटवारी, तहसील अध्यक्ष नजीर अब्बास, नगर अध्यक्ष उझारी अनीस अहमद, मंडल महामंत्री सचिन त्यागी, मंडल महासचिव अजीत भड़ाना, जिला सचिव नसीम अली व संदीप, दीपांशु कुमार, डॉ. सतवीर सिंह, मनसुख गुर्जर, मुस्तकीम, राशिद, अफसार, अर्जुन, कासिम, देवराज, असलम अली, वीरेंद्र सिंह, अशोक कुमार, आमिर, संजय आदि रहे।

### आपूर्ति न मिलने पर भड़के ग्रामीण, विरोध जताया

**हसनपुर, अमृत विचार :** गांव आगापुर में 10 दिन से बिजली कै ट्रांसफार्मर फुंका हुआ है। इस वजह से विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि 10 दिन से आपूर्ति न मिलने के कारण घर में रहना मुश्किल हो गया है। विद्युत उपकरण शोपीस बन गए हैं। पेयजल की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे परेशान होकर ग्रामीण शनिवार को नगर के गजरौला मार्ग स्थित बिजली घर पहुंचे और विद्युत निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी किया। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी विद्युत अधिकारियों से इस विषय पर वार्ता करते हैं तो वह कहते हैं कि जल्द ट्रांसफार्मर बदला जाएगा, लेकिन 10 दिन बाद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया। विद्युत निगम के अधिकारियों का कहना है कि कागज तैयार होकर चले गए हैं। ट्रांसफार्मर जल्द बदला जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में शबाना, शहनाज, असगरी, शकील, तनेजा, नसीम, रेशमा, नूरजहां, इशरत, जरीफन, गुलशन, यासमीन, फहीम, यासिर, सैफ खान, दानिश, अंसार, सुंदर गुर्जर, महकर गुर्जर, चंद्रपाल, शीशराम, मदन, इमली, हसन, सूरज, टिंकू आदि मौजूद रहे।

### घर के ऊपर से लाइन को हटवाने की मांग

**बुरावली, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के गांव छपना में घर के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। इससे कई बार हादसा होने से बच चुका है। इसे लेकर भारतीय किसान यूनियन भूमि के मंडल महासचिव जितेंद्र सिंह ने शनिवार को बुरावली बिजली घर पहुंचकर शिकायत पत्र दिया और लाइन को हटवाकर कहीं और शिफ्ट कराने की मांग की। जितेंद्र सिंह ने बताया कि घर के ऊपर से बिजली की लाइन गुजर रही है, जबकि यहां सीमेंट, बजरपुट का कारोबार होता है। यहां मजदूर काम करते हैं। एक दिन काम करते हुए एक मजदूर करंट से बाल बाल बच गया था। बिजली की चिंगारी से गाड़ी में आग लगने से बाल बाल बची। लेकिन जिम्मेदार समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। घरों की छतों पर लोग जाने से बच रहे हैं। इसलिए लाइन को हटाया जाए।


बसंत विहार में प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# बसंत विहार में विद्युतीकरण नहीं, महिलाओं का प्रदर्शन

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला बसंत विहार में विद्युतीकरण नहीं होने पर महिलाओं ने विद्युत निगम के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। समस्या का समाधान नहीं होने पर उन्होंने रोष जताया।

शहर के मोहल्ला बसंत विहार में बाहरी ओर 12 से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति के लिए अभी तक विद्युतीकरण नहीं हो सका है। ऐसे में वहां रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी में परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। आरोप है कि इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं कराया जा सका है। इसके विरोध में शनिवार सुबह मोहल्ले की महिलाओं ने प्रदर्शन किया। समस्या का समाधान नहीं होने पर विद्युत निगम के कार्यालय पहुंचकर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। इस दौरान शोभा, रीता, पूनम, सरोज, ऊषा, भगवती, जसोदा, कंचन, सुमन, संजना, राजवाला आदि रहीं।

# युवक की तलाश में जुटी एसडीआरएफ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


राम गंगा पोषक नहर में युवक की तलाश करती टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दोस्तों के साथ नहर में नहाते समय डूबे युवक का 36 घंटे बाद भी पता नहीं चल सका। शनिवार को एसडीआरएफ टीम ने नहर में मोटरबोट से उसकी तलाश की।

नगर के मोहल्ला अफगान निवासी शमशुल हसन का बेटा साहिल गुरुवार को दोस्तों के साथ नौगांवा सादात स्थित राम गंगा पोषक नहर गांव सिकरिया पुल पर गया था। जहां दोस्तों के साथ फोटोग्राफी करने के बाद नहर में नहाने लगा। साहिल पानी के तेज बहाव में पहुंचा और वह वहां डूबने लगा। साथियों ने उसे डूबता देख बचाने का काफी प्रयास किया। लेकिन वे उसे नहीं बचा सके। नहर में युवक के डूबने के 24 घंटे बाद पूर्व सांसद दानिश अली ने एक्स पर पोस्ट की। शनिवार को मुरादाबाद से एसडीआरएफ की टीम नौगांवा सादात पहुंची और साहिल की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। नहर के किनारे परिजन व अन्य लोग जुटे रहे। प्रयास के बाद भी एसडीआरएफ टीम को कोई सफलता नहीं मिली।

### नहर में तीसरे दिन उतराता मिला युवक का शव

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** रामगंगा पोषक नहर में तीसरे दिन युवक का शव उतरता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव मोहम्मदपुर लोहर्रा निवासी मिलकर्मी ललित यादव पुत्र संतरपाल सिंह शुक्रवार को रामगंगा पोषक नहर में नहाने गया था। नहाते समय ललित गहरे पानी मे डूब गया था। लोगों ने उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन पानी अधिक होने के कारण वह पानी में डूब गया। शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ की टीम उसे ढूंढने का प्रयास कर रही थी। शनिवार को एसडीआरएफ की टीम ने मोहद्दीनपुर निकट रामगंगा पोषक नहर से उसका शव बरामद कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार भी मय फोर्स के मौके पर पहुंचे।

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता को पत्र सौंपा

**बछरायूं/मंडी धनौरा, अमृत विचार :** विद्युत निगम अमरोहा डिवीजन के अधिशासी अभियंता पुनीत कुमार ने शनिवार को गांव कुआं खेड़ा में किसानों को लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने विद्युत समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता को एक मांग पत्र सौंपा। इसमें किसानों ने कहा कि लाइनों के जर्जर तारों को बदलवाया जाए। जहां खंभे अधिक दूरी पर है, वहां खंभे और लगवाए जाएं। किसानों को शेड्यूल के मुताबिक विद्युत आपूर्ति दी जाए। अधिशासी अभियंता ने भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द सभी कार्य प्रगति पर होंगे। इस मौके पर अवर अभियंता योगेश कुशवाहा, प्रदीप कुमार, सोमेन्द्र सिंह, मंगल सिंह, परमजीत सिंह, राजवीर सिंह टीकम सिंह आदि मौजूद रहे।

**उर्स संपन्न** — मोहल्ला पीरजादा स्थित खानकाह में हुई महफिल में कव्वालों ने पेश किए सूफियाना कलाम

# पीर शाह अब्बन के मजार पर की चादरपोशी, मांगी दुआ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


महफिल में शामिल दरगाह अजमेर के गद्दीनशीन सैय्यद मोईन हुसैन व अन्य।

**अमृत विचार :** शहर में हजरत पीर शाह अब्बन बदरे चिश्ती के पांच दिवसीय उर्स शनिवार देर रात कुल शरीफ की रस्म के बाद समापन हो गया। आखिरी दिन दरगाह अजमेर शरीफ व कलियर शरीफ समेत कई दरगाहों के सज्जादा व गद्दीनशीन ने महफिल में शिरकत की। अकीदतमंदों ने मजार पर चादर व गुलपोशी कर दुआ मांगी।

शनिवार को भी उर्स के पांचवे और आखिरी दिन की शुरुआत बाद नमाज-ए-फज्र के कुरआन ख्वानी से की गई। इसके बाद शहर के मोहल्ला पीरजादा स्थित खानकाह में महफिल हुई। रामपुर के कव्वाल मास्टर मोहम्मद अहमद, रेडियो-टीवी आर्टिस्ट जावेद साबरी, शाहिद नियाजी, सुब्हान नियाजी, बरेली के जीशान-फैजान ने सूफियाना कलाम सुनाए। दरगाह अजमेर शरीफ की उर्स कमेटी के सदर एवं गद्दीनशीन सैय्यद मोईन हुसैन चिश्ती व सैय्यद फजले मोईन चिश्ती, कलियर शरीफ के सज्जादानशीन शाह अली मंजर एजाज साबरी, सज्जादा नशीन रुदौली शरीफ नय्यर मियां, दरगाह रजबपुर के सज्जादा नशीन ख्वाजा सलीम राशिद फरीदी, शायर-ए-इस्लाम एवं सूफी इंटरनेशल मिशन के चेयरमैन डॉ. माजिद देवबंदी, मुरादाबाद के आए सज्जादानशीन शिबली मियां, संभल से आए सज्जादानशीन आफाक मियां चिश्ती आदि उर्स में शामिल हुए। शाम को अस्र की नमाज के बाद खानकाह से शुरु हुआ चादर का जुलूस शहर के टीपी नगर चौराहे स्थित रोजा-ए-मुकद्दस पहुंचा। अकीदतमंदों ने मजार पर चादरपोशी कर दुआ मांगी।

ईशा की नमाज के बाद रोजे पर कव्वाली की महफिल के बाद देर रात कुल शरीफ की रस्म के साथ उर्स का समापन हुआ। वक्फ बोर्ड कमेटी के सचिव सैय्यद जैद रिजवी ने सभी मेहमान का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान हकीम परवेज अख्तर शाहिदी, हादी अजीम मियां जाफरी, हकीम शौकत अली, सूफी मोईनउद्दीन, खलीफा माजिद, मुश्ताक साबरी, सैय्यद उवैस मुस्तफा रिजवी आदि मौजूद रहे।

### नलकूप उपभोक्ता 30 जून तक कराएं केवाईसी

**बुरावली, अमृत विचार :** किसान निजी नलकूपों का मार्च-2023 तक का विद्युत बिल ओटीएस योजना में जमा कराने के लिए 30 जून तक केवाईसी करा सकते हैं।

एसडीओ बिट्टू कुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का केवाईसी हो चुका है, केवल उन्हीं निजी नलकूप उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की ओर से विद्युत बिल माफी योजना का लाभ मिलेगा। यदि किसी उपभोक्ता ने 31 मार्च-2023 तक का विद्युत बिल भुगतान किया हुआ है और पंजीकरण केवाईसी नहीं की गई है तो ऐसे उपभोक्ताओं को इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। उन्हें बिल जमा करना होगा। अवर अभियन्ता कार्यालय या जनसेवा केन्द्र में केवाईसी करा सकते हैं। एसडीओ ने कहा कि किसान समय से केवाईसी करा ले।



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.

प्रवेश हेतु संपर्क करें

डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504

डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

